केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र

**Sample Question Paper for Practice only**

हायर सेकण्डरी परीक्षा-2026

**Higher Secondary Examination-2026**

विषय – भूगोल

**SUBJECT-GEOGRAPHY**

(Hindi & English Versions)

| Total Question 20 | Total Printed Pages 09+3 MAP | Time 03 Hours | Maximum Marks: 70 |
|---|---|---|---|

निर्देशः

**(i)** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक, सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक, के प्रश्न होंगे।

**(iii)** प्रश्न क्रमांक 06 से 20 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

**(iv)** प्रश्न क्रमांक 06 से 13 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 02 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

**(v)** प्रश्न क्रमांक 14 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक आवंटित है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

**(vi)** प्रश्न क्रमांक 18 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रश्न के लिए 04 अंक आवंटित है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

**(vii)** प्रश्न क्रमांक 19 व 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक आवंटित हैं।

**(viii)** प्रश्न क्रमांक 19 विश्व के मानचित्र में दर्शायें गये क्षेत्र/स्थानों को पहचानकर उनके नाम मानचित्र में लिखिए तथा प्रश्न कमांक 20 भारत के दिये गये मानचित्र में प्रश्न में दिये गये स्थानों/क्षेत्र को दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

**(ix)** केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न कमांक 19 व 20 के स्थान पर (विश्व तथा भारत के मानचित्र आधारित) एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर आधारित सैद्धांतिक प्रश्न है।

**Instructions**:

**(i)** **All Questions are compulsory.**

**(ii)** **Question No.1 to 5 are objective type questions. Choose the correct options 06 marks, Fill in the blanks 06 marks, True/False 06 marks, Match the column 05 marks, answer in one sentence 05 marks.**

**(iii)** **Internal options are given in Question No.6 to 20**

**(iv)** **Questions No.6 to 13 are very short answer type questions. Each question carries 02 marks. Word limit is 30 words.**

**(v)** **Questions No.14 to 17 are short answer type questions. Each question carries 03 marks. Word limit 75 words.**

**(vi)** **Questions No. 18 is long answer type questions. Question carries 04 marks. Word limit is 120 words.**

**(vii)** **Question No. 19 and 20 are questions based on the map of the world and India. Each question carries 05 marks.**

**(viii)** **Question No. 19 Identify the areas/places shown in the map of the world and write their names on the map and Question no. 20 show the areas/places shown on the given map of IndiAa and attach them in the answer book.**

**(ix)** **Only for visually impaired candidates, instead of question numbers 19 and 20 there are one word or one sentence based theory questions( based on the map of the world and India.)**

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – **1x6=6**

(i) निम्न में से कौन से क्षेत्र परिवहन-तंत्र के विकास में अवरोधक हैं?

(अ) सघन जनसंख्या वाले (ब) रोजगार के अवसर वाले

(स) ग्रामीण जनसंख्या वाले (द) पर्वतीय और पहाड़ी क्षेत्र

(ii) निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में जनसंख्या घनत्व निम्नतम है?

(अ) एशिया (ब) यूरोप (स) अफ्रीका (द) उत्तरी अमेरिका

(iii) निम्न में से किस प्रकार की कृषि में खट्टे रसदार फलों की कृषि की जाती है–

(अ) भूमध्यसागरीय कृषि (ब) सहकारी कृषि

(स) बाजारीय सब्जी कृषि (द) रोपण कृषि

(iv) राष्ट्रीय युवा नीति आरंभ की गई–

(अ) फरवरी 2018 में (ब) फरवरी 2014 में

(स) फरवरी 2015 में (द) फरवरी 2017 में

(v) गैरिसन (छावनी) नगर है–

(अ) अम्बाला (ब) वाराणसी

(स) नैनीताल (द) भिलाई

(vi) शुष्क कृषि में निम्न में से कौन–सी फसल नहीं बोई जाती हैं?

(अ) मूँगफली (ब) रागी

(स) गन्ना (द) ज्वार

**Choose and write the correct options:**

(i) In which of the following area hinder the development of transport network?

(a) Densely populated area (b) Area generated employment

(c) Rural populated area (d) The mountainous and hilly area

(ii) In which of the following continents has the lowest population density?

(a) Asia (b) Europe (c) Africa (d) North America

(iii) In which of the following types of agriculture is the farming of citrus fruit done-

(a) Mediterranean agriculture (b) Co-operative farming

(c) Market gardening (d) Plantation agriculture

(iv) Nation Youth policy has been started-

(a) February 2018 (b) February 2014

(c) February 2016 (d) February 2017

(v) Garrisson (cantonment) towns is-

(a) Ambala (b) Varanasi

(c) Nainital (d) Bhilai

(vi) Which one of the following crops is not cultivated under dryland farming-

(a) Groundnut (b) Ragi

(c) Sugarcane (d) Jowar

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **1x6=6**

(i) मानवतावादी विचारधारा का विकास.......................................के दशक में हुआ।

(ii) चैनल टनल पेरिस को.............................................................................जोड़ता है।

(iii) सीमान्त श्रमिक एक वर्ष में.....................................दिनों से कम काम करता है।

(iv) भारत का विशालतम प्रशासनिक नगर.................................................................है।

(v) भारत की प्रमुख रेशेदार फसल कपास एवं .......................................................है।

(vi) अति उच्च मानव विकास का स्तर . . . . . . . . . . . .होता है।

**Fill in the blanks:**

(i) Humanistic school of thought was developed in the………………Decade.

(ii) Channel Tunnel is linked Paris to…………………………………………..….. .

(iii) Marginal workers work less than ………………………………..……days in a year.

(iv) The larges administrative city of India is…………………………….…………… .

(v) The main fiber crops of India are cotton and ……………….…………….………… .

(vi) Very high human development index is ……….

3. सत्य/असत्य चुनकर लिखिए - **1x6=6**

(i) विश्व की 90 प्रतिशत जनसंख्या स्थल भाग के 10 प्रतिशत क्षेत्र में निवास करती है।

(ii) आखेट मानव का प्राचीनतम क्रियाकलाप है।

(iii) कॉफी रोपण कृषि है।

(iv) भारत की प्रमुख खाद्यान्न फसल चावल है।

(v) भारत सर्वाधिक गेहूँ उत्पादक देश है।

(vi) भारतीय रेल प्रणाली को 14 रेल मण्डलों में बांटा गया है।

**Choose and Write True/False-**

(i) 90% of the world's population lives in 10% area of the land area.

(ii) Hunting is the oldest economic activity of humans.

(iii) Coffee is not plantation agriculture.

(iv) The main food crop of India is rice.

(v) India is the largest wheat producer country.

(vi) The Indian Railways is divided in to 14 railway divisions.

4. सही जोड़ी बनाइए– 1x5=5

| | "अ" | "ब" |
|---|---|---|
| (i) | सर्वाधिक कपास का उत्पादन | (अ) चीनी तिब्बती |
| (ii) | सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या | (ब) द्वितीयक क्रियाकलाप |
| (iii) | भारत में न्यूनतम भाषाई समूह | (स) 1872 ई. |
| (iv) | भारत में पहली जनगणना | (द) बिहार |
| (v) | श्वेत कॉलर श्रमिक | (इ) महाराष्ट्र |

**Match the Columns:**

| | **"A"** | | **"B"** |
|---|---|---|---|
| (i) | Highest production of cotton | (A) | Chinese and Tibetan |
| (ii) | Most rural population | (B) | Secondary activity |
| (iii) | Minimum linguistic group in India | (C) | Tourist regions |
| (iv) | National parks | (D) | Bihar |
| (v) | White collar workers | (E) | Maharashtra |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए– 1x5=5

(i) मानव विकास प्रतिवेदन प्रतिवर्ष किसके द्वारा प्रकाशित किये जाते है?

(ii) विश्व व्यापार संगठन कब बनाया गया?

(iii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?

(iv) एशिया की सबसे गन्दी बस्ती का नाम लिखिए ।

(v) इन्दिरा गांधी नहर पंजाब में किस बांध से निकाली गई है?

**Write the answer in one sentence-**

(i) By whom are the Human Development Reports published every year?

(ii) When was the World Trade Organization created ?

(iii) What is the population density of India according to 2011 census?

(iv) Write the name of the largest slum of Asia .

(v) Indira Gandhi Canal is taken out from which dam in Punjab?

6. ' रूको और जाओ निश्चयवाद' क्या है ? 2

What is 'Stop and go determinism'?

अथवा / or

मानव भूगोल की कोई एक परिभाषा लिखिए।

Write any one definition of human geography.

7. मृत्यु दर किसे कहते है?

What is death rate ? 2

अथवा / or

जनसंख्या घनत्व क्या है ।

What is population density.

8. मानव विकास के चार उपागम लिखिए। 2

Write the four approaches of human geography.

अथवा / or

मानव कुछ निश्चित प्रदेशों में क्यों रहना चाहते है, और अन्य प्रदेशों में क्यों नहीं?

Why do humans want to live in certain regions and not in other?

9. भूमध्यसागरीय कृषि की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

Write any two characteristics of Mediterranean agriculture.

अथवा / or

सहकारी कृषि क्या है?

What is Co-operative farming?

10. भारत की श्रमजीवी जनसंख्या के चार प्रमुख संवर्गों के नाम लिखिए। 2

Write the names of four major categories of the working population in India.

अथवा / or

मुख्य श्रमिक तथा सीमान्त श्रमिक किसे कहते है ?

What are Main worker and Marginal worker ?

11. एकाकी बस्ती किसे कहते है? 2

What is an isolated settlement?

अथवा / or

नगरीय बस्ती की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

Write any two characteristics of urban settlement.

12. भारत में भौम जल का सर्वाधिक उपयोग किन राज्यों में होता है? 2

In which states of India ground water resources is used the most?

अथवा / or

जल संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिए।

Write any two measures of water conservation.

13. वायु प्रदूषण नियंत्रण के कोई दो उपाय लिखिए। 2

Write any two measures to control air pollution.

अथवा / or

वायु प्रदूषण की कोई दो हानियां लिखिए।

Write any two disadvantage of air pollution.

14. भारत में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले किन्ही तीन भौगोलिक कारकों को लिखिए। 3
Write any three geographical factors affecting the distribution of population in the world.

अथवा / or

भारत में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले कोई तीन आर्थिक कारकों को लिखिए।
Write any three economic factors affecting the distribution of population in the world.

15. रोपण कृषि की कोई तीन विशेषताएं लिखिए। 3

Write any three characteristics of plantation agriculture.

अथवा / or

डेरी फार्मिंग की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

Write any three characteristics of dairy farming.

16. भारत के कुछ राज्यों में विशाल ग्रामीण जनसंख्या क्यों पाई जाती है? 3

Why is a large rural population found in some state of India?

अथवा / or

भारत सरकार की कौशल विकास तथा उद्यमिता नीति को लिखिए।

Write the Skill Development and Entrepreneurship Policy of the Government of India.

17. भारतीय कृषि की कोई तीन समस्याओं को लिखिए। 3

Write any three problems of Indian agriculture.

अथवा / or

भारतीय कृषकों के लिए किसान पोर्टल का क्या महत्व है? (कोई तीन)

What is the importance of Farmer Portal for Indian farmers? (Any three)

18. प्राथमिक और द्वितीयक क्रियाकलाप में कोई चार अंतर लिखिए। 4

Write any four differences between primary and secondary activities.

अथवा / or

छोटे पैमाने के उद्योग एवं बड़े पैमाने के उद्योगों में कोई चार अंतर लिखिए।

Write any four differences between small scale industries and large scale industries.

19. विश्व के दिये गये मानचित्र में दर्शाये गये निम्न क्षेत्रों / स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए– **1x5=5**

(i) ब्राजील का कॉफी उत्पादक क्षेत्र

(ii) केपटाउन से लंदन समुद्री जल मार्ग

(iii) स्वेज नहर

(iv) मेडागास्कर

(v) ऑस्ट्रेलियाई ट्रांस कान्टीनेन्टल रेलमार्ग

Identify the following areas/places shown on the given map of the world and write the name.

(i) Coffee producing region of the Brazil

(ii) Cape Town to London sea water route

(iii) Suez Canal

(iv) Madagascar

(v) Australian Trans-Continental Railway.

नोट– केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्र. 19 का सैद्धांतिक प्रश्न–

(i) विश्व में सबसे अधिक कॉफी का उत्पादन किस देश में होता है?

(ii) केपटाउन किस देश का पत्तन है?

(iii) स्वेज नहर किन दो सागरों को जोड़ती है?

(iv) मेडागास्कर किस महाद्वीप के पूर्वी तट पर स्थित है?

(v) पर्थ किस देश का प्रमुख रेल्वे स्टेशन है?

Note- Theoretical question of question No. 19 only for visually impaired candidates.

(i) Which country produces the most coffee in the world?

(ii) Cape Town is the port of which country?

(iii) Suez Canal connects which two seas?

(iv) Madagascar is located on the east coast of which continent?

(v) Perth is the main railway station of which country?

अथवा / **OR**

विश्व के दिये गये मानचित्र में दर्शाये गये निम्न क्षेत्रों / स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए–

(i) हेलीफेक्स

(ii) यूरोप का डेरी कृषि क्षेत्र

(iii) पार–साइबेरियन रेलमार्ग

(iv) वेल्डस

(v) ऑस्ट्रेलिया का सघन जनसंख्या का क्षेत्र

Identify the following areas/places shown on the given map of the world and write the name.

(i) Halifax

(ii) Dairy farming Area of Europe

(iii) Trans Siberian Railway route

(iv) Velds

(v) Densely populated area of Australia

नोट– केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्र. 19 के अथवा का सैद्धांतिक प्रश्न।

(i) हेलीफेक्स किस देश का प्रमुख रेल्वे स्टेशन है?

(ii) यूरोप में सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक देश का नाम लिखिए।

(iii) न्यूयॉर्क से लंदन जल मार्ग किस महासागर में स्थित है।

(iv) वेल्डस घास का मैदान किस देश में है?

(v) ऑस्ट्रेलिया के मध्य पश्चिमी भाग में जनसंख्या घनत्व कैसा है?

Note- Theoretical questions of question no. 19 or for visually impaired candidates.

(i) Halifax is the main railway station of which country?

(ii) Write the name of the highest milk producing country in Europe.

(iii) In which ocean is the New York to London waterway located?

(iv) In which country is the Velds Grassland located?

(v) What is the population density in the central and western parts of Australia?

20. भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए– **1x5=5**

(i) सबसे अधिक चाय उत्पादक क्षेत्र

(ii) सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य

(iii) इन्दिरा गांधी नहर

(iv) मुम्बई–हाई

(v) रानीगंज कोयला खान

Show the following in the given map of India.

(i) Highest tea producing area.

(ii) State with highest literacy.

(iii) Indira Gandhi Canal.

(iv) Mumbai-High.

(v) Raniganj Coal field.

नोट– केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न नं.20 का सैद्धांतिक प्रश्न–

(i) भारत में चाय का उत्पादन किस राज्य में सबसे अधिक होता है?

(ii) भारत में सबसे अधिक साक्षर राज्य का नाम लिखिए।

(iii) इन्दिरा गांधी नहर से किस राज्य को सबसे अधिक लाभ प्राप्त हुआ है?

(iv) मुम्बई हाई किस उर्जा खनिज के लिए प्रसिद्ध है?

(v) रानीगंज कोयला खदान किस राज्य में है?

Note- Theoretical question of question no. 20 only for visually impaired candidates.

(i) Which state produces maximum tea in India?

(ii) Write the name of the most literate state in India?

(iii) Which State has benefited the most from Indira Gandhi canal?

(iv) Mumbai High is famous for which energy mineral?

(v) In which state is Raniganj coalmine?

अथवा / or

भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये–

(i) चैन्नई

(ii) बेलाडीला लौह–अयस्क खदान

(iii) हल्दिया तेल शोधन कारखाना

(iv) सर्वाधिक कॉफी उत्पादक क्षेत्र

(v) मुम्बई

Show the following in the given map of India.

(i) Chennai

(ii) Bailadila Iron ore mine.

(iii) Haldia oil Refining center.

(iv) Most coffee producing area.

(v) Mumbai

नोट– केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न नं.20 के अथवा के प्रश्न–

(i) चैन्नई बंदरगाह किस राज्य में है?

(ii) बैलाडीला खान किस राज्य में है?

(iii) हल्दिया तेल शोधन कारखाना किस राज्य में है?

(iv) कॉफी का उत्पादन भारत में सबसे अधिक किस राज्य में होता है?

(v) मुम्बई बंदरगाह किस राज्य में है?

Note- Theoretical question of question no. 20 **or** only for visually impaired candidates.

(i) In which state is Chennai port?

(ii) In which state is Bailadila mine?


(iii) In which state is Haldia oil refinery located?

(iv) In which state of India is coffee produced the most?

(v) In which state is Mumbai port?


प्रश्न क्रमांक 19 के लिए विश्व के मानचित्र

World Map for Question No. 19 Roll No..................................



प्रश्न क्रमांक 19 के **अथवा** के लिए विश्व के मानचित्र

Question No. 19 Maps of the World fo



प्रश्न क्रमांक 20

Question No. 20 Roll No……………………………..

